# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–

दिनांक 25–5–06

## प्रेस विज्ञप्ति

खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक–162, दिनांक–16/01/2006 में जन वितरण प्रणाली द्वारा जमा कराये गये अभिलेखों के अनुरक्षण एवं उसके रख–रखाव की जिम्मेवारी अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई है । इसी परिप्रेक्ष्य में श्री प्रमोद कुमार बिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी, गया सदर द्वारा आदेश निर्गत कर अभिलेखों की जॉच हेतु कार्यालय एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित कर्मचारियों/पदाधिकारियो को प्राधिकृत किया गया ।

ईधर हाल के वर्षो में लाल कार्ड/खाद्य वितरण में हो रही गड़बड़ी के बारे में शिकायत प्राप्त होने के फलस्वरूप खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को इसके लिये उत्तरदायी बनाया गया । अगर अनुमंडल पदाधिकारी अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं करते हैं तो सारी गड़बड़ियों का घोटाला का स्वरूप देकर पदाधिकारियों को तरह–तरह से प्रताड़ित किया जाता है । श्री प्रमोद कुमार बिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी , गया सदर ने सरकार के परिपत्रों के आलोक में जब कार्रवाई को तो श्री संदीप पॉड्रिक, भा० प्र० सेवा जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा अनर्गल एवं आधारहीन आरोप लगाते हुए एक नहीं बल्कि तीन–तीन प्रतिवेदन विभागीय कार्रवाई हेतु भेजा गया और अपने स्तर से पूरी ताकत लगा दी जिससे की उनपर विभागीय कार्रवाही/निलम्बन हेतु कार्रवाई हो और उन्हें तरह–तरह से प्रताड़ित किया जाय ।

श्री पॉड्रिक जहॉ कही भी जाते है वहॉ अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को तरह–तरह से प्रताड़ित करते है और धमकी देकर दहशत में रखते है जिससे उनके द्वारा किये जा रहे अनियमित कार्यो पर पर्दा डाला जा सकें। उनके कारनामों से गया जिले के सभी पदाधिकारी प्रताड़ित महसूस कर रहे है और किसी भी समय स्थिति विस्फोटक हो सकती है। उन्होनें अपने आवास तथा सरकारी

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–                                                    दिनांक..............................

कार्यालय के उन्नयन में बिना सक्षम पदाधिकारी की स्वीकृति के लाखों रूपये का व्यय किया है । इस संबंध में पूर्व में ''संघ '' द्वारा मुख्य सचिव सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी गयी ।

श्री प्रमोद कुमार बिहारी, जब अनुमंडल पदाधिकारी , टेकारी थे, उसी समय से श्री संदीप पाँड्रिक , जिला पदाधिकारी, गया को अच्छे नहीं लगते थे और श्री बिहारी को राष्ट्रपति शासन में अपने दब–दबा का उपयोग करते हुए वहॉ से हटाकर मुख्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में भेजने में सफल रहें । पुनः जब श्री बिहारी का पदस्थापन अनुमंडल पदाधिकारी , गया सदर के पद पर किया गया तो वे आग–बबूला हो गये और उन्होनें श्री बिहारी को सबक सिखाने की ठान ली । इसी क्रम में उन्होनें सरकार से श्री बिहारी के विरूद्ध एक प्रतिवेदन दिनांक 02/05/2006 को अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु भेज दिया और दिनांक 05/05/2006 को स्पष्टीकरण पूछा । स्पष्टीकरण पूछने के उपरांत ही किसी प्रकार का प्रतिवेदन सरकार को भेजना चाहिए था ।प्रतिवेदन में उन्होने श्री बिहारी के विरूद्ध रिश्वतखोरी का आरोप लगाया परन्तु पंजीयों की जॉच श्री बिहारी स्वयं नही कर रहे थे बल्कि उनका कार्यालय कर रहा था । इसी प्रकार मानपुर के पूर्ववर्ती अंचलाधिकारी, श्री आलोक कुमार को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से राजस्व एवं सुधार विभाग को उनके विरूद्ध झूठे एवं मनगंढत आरोप लगाते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा । यही नहीं ये अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों के कार्यकलाप में, नियम के विरूद्ध हस्तक्षेप करने में अपना बड़प्पन समझते है।

जगजीवन कॉलेज , मानपुर में हुये फायरिंग के लिये जिलाधिकारी श्री पाँड्रिक ही जिम्मेवार है क्योकि आवश्यकता अनुरूप शस्त्र बल और लाठी बल के बिना बड़ी संख्या में लगातार बढ़ रही भीड़ नियंत्रित करने हेतु दण्डाधिकारी /आरक्षी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति उनके द्वारा की गयी

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

पत्रांक– दिनांक............................

और पूरी स्थिति विस्फोटक हो गयी तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी, फलस्वरूप कई लोग गोली से मारे गये । घटना स्थल पर श्री पॉंड्रिक सी० आर० पी० एफ० के कमाडेंट और सी० आ० पी० एफ० के साथ पहूँचे और बिना पूरी जॉच किये घटना स्थल से वापस चले गये तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भीड़ से जुझने के लिए झोक दिये । इनके अविवेकपूर्ण निर्णय के चलते किसी भी समय में जिला में बड़ी दुर्घटना हो सकती है ।

अनुमंडल पदाधिकारी, गया सदर, श्री बिहारी के विरूद्ध जॉच करने हेतु एक कमिटी गठित की गयी । यह कमिटी पूर्व श्री अजीत कुमार, वरीय अपर जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गई, परन्तु श्री कुमार को इस कारण वश हटा दिया गया क्योकि ये जैसा रिर्पोट उनसे चाहते थे वैसा रिर्पोट देने के लिए श्री कुमार संभवत तैयार नहीं थे और तत्काल श्री कुमार के बदले श्री एन० सवानन्द (भा० प्र० से० ) की अध्यक्षता में कमिटी गठित कर दी जिससे कि इनके दबाव में उस कमिटी से मनमापिक प्रतिवेदन प्राप्त कर श्री बिहारी पर मुकदमा दायर किया जा सकें । श्री संदीप पॉंड्रिक सरकार की आदेश की अवहेलना करते हुए कई बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों पर बिना सरकार के अनुमति प्राप्त किये मुकदमा दायर कर चुके है। श्री बिहारी के विरूद्ध दबाव डालकर कई उचित मूल्य विक्रेताओं से बयान लेने का प्रयास कर रहे है जिससे कि किसी भी प्रकार से श्री बिहारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा सकें ।

उपरोक्त परिस्थिति में ''संघ'' द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि श्री बिहारी के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, श्री पॉंड्रिक के द्वारा बिना आरोप के (Flimsy) आधार पर ; सरकार की अनुमति के बिना ; अगर मुकदमा दायर किया जाता है तो ''संघ'' तुरत आंदोलनात्मक कार्रवाई प्रारम्भ कर देगी।

25/5/06.
(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

25/5/06
(के० एम० शर्मा)
अध्यक्ष

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–  दिनांक..............................

ज्ञापांक– 34 /वि० प्र० से० संघ, पटना, दिनांक– 25-5- /2006

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार पटना/आयुक्त एवं सचिव, खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना एवं माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा) 25/5/06
महासचिव

ज्ञापांक– 34 /वि० प्र० से० संघ, पटना, दिनांक– 25-5- /2006

प्रतिलिपि– निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन को प्रसारणार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि– संपादक, सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रजी को प्रकाशणार्थ सूचनार्थ प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा) 25/5/06
महासचिव